कार्यपत्रक -1.

विषय - हिंदी

कक्षा - छठी

सत्र - 2018-2019

मई-2018

1. प्रश्न :→ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी पाठ्य-पुस्तक 'वसंत' के आधार पर दें:-

(क) अंडों के बारे में केशव और श्यामा के मन में कई तरह के सवाल क्यों उठते थे? वे आपस में ही सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली क्यों दे दिया करते थे?

(ख) 'वह चिड़िया जो' कविता के आधार पर बताओ कि चिड़िया को किन-किन चीज़ों से प्यार है?

(ग) केशव और श्यामा ने चिड़िया के अंडों की रक्षा की या नादानी ?

(घ) केशव ने श्यामा से चिथड़े, टोकरी और दाना - पानी मँगा कर कार्निस पर क्यों रखे थे ?

(ङ.) <u>आशय स्पष्ट करो</u> :-

★ रस उड़ेल कर गा लेती है।

★ "चढ़ी नदी का दिल टटोलकर
जल का मोती ले जाती है।"

2 प्रश्न :→ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी पाठ्य-पुस्तक 'नूतन कथा कलिका' के आधार पर दें :→

(क) :- अंत में गिलहरी ने क्या सोचा? 'एकता टूटने पर' कहानी के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ख) :- संकट के समय तीनों मित्र किस-प्रकार एक-दूसरे की सहायता करते थे?

(ग) :- 'धनवर्षण' कहानी की मुख्य घटना आप किसे मानेंगे और क्यों?

(घ) गुरु ने अपने शिष्य की बात क्यों नहीं मानी? यदि मान लेता तो कहानी में क्या बदलाव आता?

(ङ) शिष्य ने गुरु को धनवर्षा करने के लिए क्यों मना किया था?

(च) वर्षा के संकट के समय तीनों मन-ही-मन क्या सोच रहे थे?

3. प्रश्न :- निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें।-

(क) जुंडी -

(ख) गरबीली -

(ग) चिथड़े -

(घ) जिज्ञासा -

(ङ) एकायक -

(च) अंदाज़ा -

(छ) तसल्ली -

(ज) पेचीदा -

निशा

प्रश्न 3. उचित विकल्प छाँटकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

(क.) भाषा के ______ रूप को पढ़कर दूसरों के विचार जाने जाते हैं। (लिखित / मौखिक)

(ख.) भाषा का शुद्ध ज्ञान ______ कराता है। (साहित्य / व्याकरण)

(ग.) देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली भाषा ______ है। (पंजाबी / हिंदी)

(घ) 14. सितंबर, 1949 को ______ भारत की राजभाषा बनी। (हिंदी / अंग्रेजी)

(ङ.) भाषा के दो रूप हैं ______ और लिखित। (मौखिक / पंजाबी)

प्रश्न 4. निम्नलिखित कथनों में से सही के सामने (✓) व गलत के सामने (X) का चिह्न लगाइए:

(क.) मन के भाव व विचार प्रकट करने का साधन भाषा है। ( )
(ख.) अंग्रेजी की लिपि फ़ारसी है। ( )
(ग.) गुजराती, मराठी और नेपाली की लिपि देवनागरी है। ( )
(घ.) व्याकरण के दो अंग होते हैं। ( )
(ङ.) बोली भाषा का विस्तृत रूप है। ( )

प्रश्न 4. रिक्त स्थान भरिए -

(क.) वर्णों के दो प्रकार ________ तथा व्यंजन हैं।

(ख.) क्ष, त्र, ज्ञ तथा श्र ________ है।

(ग.) व्यंजनों के उच्चारण में ________ की सहायता ली जाती है।

(घ.) हिंदी भाषा में कुल ________ वर्ण हैं।

(ङ.) 'अं' तथा 'अः' को ________ कहते हैं।

प्रश्न 5. निम्नलिखित का वर्ण-मेल कीजिए -

(क.) न् + इ + र् + भ् + अ + र् + अ = ________

(ख.) औ + ग् + अ + न् + अ = ________

(ग.) ख् + ई + ल् + औ + न् + अ = ________

(घ.) त् + य् + औ + ह् + आ + र् + अ = ________

(ङ.) आ + क् + र् + अ + म् + अ + ण् + अ = ________

प्रश्न 6. सही व गलत का चिह्न लगाइए —

(क) वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है। ( )

(ख.) सभी भाषाओं में वर्णों की संख्या समान होती है। ( )

(ग.) स्वरों का उच्चारण व्यंजनों की सहायता से किया जाता है। ( )

(घ.) उष्म व्यंजन पाँच हैं। ( )

(ङ) विसर्ग का उच्चारण 'ह' की भाँति किया जाने लगा है। ( )